दैनिक प्रातः कालीन भारत सरकार से रजिस्टर्ड हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करें-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999 में
न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दम में

वर्ष :- 03 अंक :- 155 मुरादाबाद, 24 September 2023 (Sunday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## संक्षिप्त समाचार

### सोने-चांदी से चमकेगा रामलला के गर्भगृह का मुख्य द्वार, 15 दिसंबर तक हो जाएगा भूतल का काम

अयोध्या का राम मंदिर बेहद भव्य होगा। रामलला के गर्भगृह का मुख्य द्वार सोने-चांदी से सजाया जाएगा। इसे लेकर चर्चा की जा रही है। वहीं, भूतल का कार्य 15 दिसंबर तक पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। अयोध्या में बन रहा भगवान श्रीराम का मंदिर बेहद भव्य और दिव्य होगा। मंदिर का निर्माण इस तरह से किया जा रहा है जिससे यह सैकड़ों साल तक सुरक्षित रहे और इसकी भव्यता अद्वितीय हो। मंदिर में रामलला के गर्भगृह के मुख्य द्वार पर सोने व चांदी का वर्क कराने की योजना बनाई जा रही है। इस संबंध में चर्चा की जा रही है। हालांकि, इस पर अभी निर्णय नहीं लिया गया है। वहीं, राममंदिर के भूतल का समस्त काम 15 दिसंबर तक पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। मंदिर के गर्भगृह व परिक्रमा पथ पर फर्श बिछाने का काम पूरा किया जा चुका है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि उन्हें निर्देशित किया गया है कि राममंदिर का भूतल पूरी तरह से 15 दिसंबर तक बनकर तैयार हो जाना चाहिए। बताया कि मंदिर का गर्भगृह मकराना के संगमरमर से सज गया है। भूतल पर फर्श बिछाने का काम चल रहा है। इसके साथ अंडर ग्रांउड बिजली के तार भी लगाए जा रहे हैं। यात्री सुविधा केंद्र का काम भी तेजी से चल रहा है, भूतल की फिनिशिंग का काम जारी है। शुक्रवार को राम मंदिर निर्माण समिति की शुरू हुई दो दिवसीय बैठक में मंदिर समेत चल रही दस परियोजनाओं का भौतिक निरीक्षण के साथ निर्माण कार्यों की समीक्षा समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने की। उन्होंने राममंदिर के भूतल के समस्त काम 15 दिसंबर तक हर हाल में पूरा करने का निर्देश दिया। नृपेंद्र मिश्र ने सुबह नौ बजे मंदिर निर्माण के लिए चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। यात्री सुविधा केंद्र, परकोटा, रिटेनिंग वॉल, कुबेर टीला समेत अन्य कार्यों की भौतिक प्रगति देखी।

## नारी शक्ति वंदन-अभिनंदन: महिलाओं से पीएम बोले- मैं आशीर्वाद लेने काशी आया, कुछ लोगों को वंदन शब्द से भी दिक्कत



वाराणसी के सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित नारी शक्ति वंदन-अभिनंदन कार्यक्रम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधित किया। पीएम ने कहा कि कि तीन दशकों से ये कानून लटका हुआ था। लेकिन आज ये आपकी ही ताकत है कि संसद के दोनों सदनों में ऐसी-ऐसी पार्टियों को इसका समर्थन करना पड़ा, जो पहले इसका भरपूर विरोध करते थे। लोकसभा और राज्यसभा से नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल पास होने के बाद शनिवार को वाराणसी पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का महिलाओं ने भव्य स्वागत और अभिनंदन किया। सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित नारी शक्ति वंदन-अभिनंदन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि संसद में नारी शक्ति वंदन जैसा ऐतिहासिक कानून पास होने के बाद मैं सबसे पहले काशी में आप सबका आशीर्वाद लेने आया हूं। ये मेरा सौभाग्य है कि इतनी बड़ी संख्या में आप हमें आशीर्वाद दे रहे हैं।पीएम मोदी ने आगे कहा कि कुछ ही समय में दुर्गा पूजा का उत्सव शुरू होने वाला है। नारी शक्ति वंदन अधिनियिम ने इसबार दुर्गा पूजा के उत्साह को और भी कई गुना बढ़ा दिया है। इस कानून से देश के महिला विकास के लिए रास्ते खुलेंगे, लोक सभा और विधान विधान में महिलाओं की उपलब्धि बढ़ेगी। मैं इसके लिए देश भर की मताओं-बहनों को काशी की पवित्र धरती से बधाई देता हूं।

### खेल के मैदान से लेकर राफेल उड़ाने में महिलाएं आगे

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि तीन दशकों से ये कानून लटका हुआ था। लेकिन आज ये आपकी ही ताकत है कि संसद के दोनों सदनों में ऐसी-ऐसी पार्टियों को इसका समर्थन करना पड़ा, जो पहले इसका भरपूर विरोध करते थे।पीएम मोदी ने कहा कि हमारा देश शुरू से पुरुष प्रधान रहा है। लेकिन जब से हमारी सरकार बनी है। खेल के मैदान से लेकर राफेल उड़ाने तक महिलाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिला है। हमने मुद्रा योजना शुरू की। इसका सबसे ज्यादा फायदा महिलाओं को मिला। जितने भी छोटे-बड़े उद्योग जो बंद होने थे, उन्हें फिर से गति मिली है। महिलाएं आज देश की तरक्की में भागीदारी निभा रही हैं। वे अपने हुनर से अपने इलाके में पहचान बना रही है। पीएम आवास योजना महिलाओं के नाम पर दिया जा रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि हमें ऐसा समाज तैयार करना है जिसमें किसी नारी को आगे बढ़ने के लिए किसी की भी जरूरत न पड़े। इसिलिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाया गया है। पीएम मोदी ने कहा कि कुछ लोगों को वंदन शब्द से दिक्कत है। पीएम ने पूछा कि माताओं-बहनों का वंदन नहीं होगा तो किसका होगा। पीएम मोदी ने हर-हर महादेव का उदघोष कर संबोधन समाप्त किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्वांचल के पहले क्रिकेट स्टेडियम का शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्टेडियम भगवान की थीम पर बनेगा। खेल को लेकर समाज की सोच बदली है। आज जो खेलेगा वही खिलेगा। इसके बाद पीएम मोदी ने संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर में महिलाओं को संबोधित किया। फिर रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में काशी सांसद सांस्कृतिक महोत्सव के समापन समारोह में शामिल हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज ही मैंने बनारस के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का शिलान्यास किया है। आज मुझे यहां उत्तर प्रदेश के 16 अटल आवासीय विद्यालयों के लोकार्पण का भी अवसर मिला है। मैं इन सभी उपलब्धियों के लिए काशीवासियों व उत्तर प्रदेश के लोगों और श्रमिकों को बधाई देता हूं।काशी सांसद सांस्कृतिक महोत्सव के समापन समारोह में पीएम मोदी ने कहा कि काशी और संस्कृति को अलग कह रही नहीं सकते। काशी की गली-गली में संगीत है। कई घराने हैं। संगीत की समृद्ध विरासत है। पीएम मोदी ने रामलीला, नागनत्थैया मेला, देवदीपावली और संकट मोचन संगीत समारोह का जिक्र कर संगीत की बखान किया। कहा कि काशी में तबला है तो सितार भी है। शहनाई है तो मृदंग और वीणा भी है। पीएम मोदी ने कहा कि काशी सांसद सांस्कृतिक महोत्सव की तरह काशी सांसद खेल महोत्सव हो रहा है। आने वाले दिनों में काशी सांसद ज्ञान महोत्सव का आयोजन होगा। पीएम मोदी ने साथ ही कहा कि काशी सांसद टूरिस्ट गाइड प्रतियोगिता का भी आयोजन होगा। पीएम मोदी ने कहा कि 2014 में जब मैं यहां आया था, तो मैंने जिस काशी की कल्पना की थी, विकास और विरासत का वो सपना अब धीरे-धीरे साकार हो रहा है। बनारस के लोगों के प्रयास से यह सब कुछ हुआ है। पीएम ने काशी सांसद सांस्कृतिक महोत्सव का जिक्र कर प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया। कहा कि इस महोत्सव से पता चला कि मेरी काशी और आसपास के जिले में कितनी प्रतिभा है। आने वाले दिनों में काशी सांसद सांस्कृतिक महोत्सव एक ऊंचाई पर पहुंचेगा।पीएम मोदी ने कहा कि जी-20 सम्मेलन के जरिए भारत ने पूरी दुनिया में अपना झंडा गाड़ा है लेकिन उसमें काशी की सेवा विशेष है। जी 20 के लिए जो-जो मेहमान काशी आए वे इसे अपनी यादों में साथ लेकर गए हैं। मैं मानता हूं कि जी 20 की सफलता महादेव के आशीर्वाद से ही संभव हुई है। बाबा की कृपा से काशी अब विकास के अभूतपूर्व आयाम गढ़ रही है।वाराणसी के करसड़ा स्थित अटल आवासीय विद्यालय में 80 छात्र-छात्राओं ने प्रवेश लिया है। इनमें 40 छात्र और 40 छात्राएं शामिल हैं। विद्यालय में भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के पंजीकृत श्रमिकों के बालक-बालिकाओं और कोविड-19 के दौरान अपने माता- पिता को खो चुके अनाथ बच्चों को दाखिला दिया गया है। बीते 10 सितंबर से विद्यालय का सत्र शुरू हो गया है। करसड़ा में 66.54 करोड़ रुपये की लागत से श्रमिक बच्चों के लिए बना अटल आवासीय विद्यालय 12 एकड़ में बना है। इसमें हॉस्टल आदि की सुविधाएं हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को उत्तर प्रदेश के वाराणसी में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की आधारशिला रखी। इस स्टेडियम डिजाइन भगवान शिव को समर्पित है। जिसमें अर्धचंद्राकार छत के कवर त्रिशूल के आकार की फ्लड-लाइट घाट की सीढ़ियों पर आधारित बैठने की व्यवस्था बिल्विपत्र के आकार की धातु की चादरों के डिजइन होगा। पीएम मोदी ने कहा कि ये स्टेडियम पूर्वांचल का सितारा होगा। काशी के गंजारी में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के शिलान्यास के मौके पर पीएम मोदी ने हर-हर महादेव के उद्घोष के साथ संबोधन शुरू करते हुए मंच से सभी का स्वागत और अभिवादन किया। सभी खेल से जुड़े महानुभाव और काशी के लोगों। आज फिर से बनारस आवेके मौका मिलल हौ। एक बार फिर बोलिए ओम नम्ः पार्वती पतये हर हर महादेव। पीएम मोदी ने कहा कर्ा? आज मैं ऐसे दिन आया हूं जब चंद्रयान के शिव शक्ति पाइंट पर पहुंचने का एक महीना पूरा हो गया। चंद्रमा पर है और दूसरा शिव शक्ति काशी में है। आज शिव शक्ति के स्थान से आप सभी को बधाई देता हूं। मेरे परिवारजनों जिस स्थान पर हम एकत्र हुए हैं वहां विंध्यवासिनी धाम को काशी से जोड़ने वाले स्थान पर हैं। भारतीय लोकतंत्र के प्रखर गुरु राजनारायण जी का गांव भी है।

## एक देश एक चुनाव: अखिलेश यादव बोले, यूपी में भी अगले छह महीने में चुनाव करवाएं जाएं, जनता खुश होगी



सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक देश एक चुनाव के मुद्दे पर कहा कि अगर ऐसा यूपी में भी हो जाए तो हम समाजवादियों से ज्यादा खुश कौन होगा। उन्होंने कहा कि देश के चुनाव के साथ ही यूपी में भी अगले छह महीने या एक साल में चुनाव करवाए जाएं। उन्होंने कहा कि जनता भी लोकसभा चुनाव का इंतजार कर रही है। उन्होंने मऊ जिले की घोसी विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में सपा के उम्मीदवार सुधाकर सिंह की जीत पर कहा कि इस चुनाव परिणाम ने राजनीति का नया रास्ता दिखाया है। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ा संदेश यही है कि अगर कार्यकर्ता और नेता आंदोलनकारी बनकर सरकार के खिलाफ खड़े हो जाएंगे तो लोकतंत्र, संविधान बचेगा और देश को नया रास्ता मिलेगा। अखिलेश यादव शनिवार को सपा मुख्यालय में मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मैं सुधाकर सिंह और उनके साथियों को धन्यवाद देता हूं। आभार भी प्रकट करता हूं और इस जीत के लिए बहुत-बहुत मुबारकबाद देता हूं। घोसी के चुनाव परिणाम से ये पता चल गया है कि 2024 में भाजपा का सूपड़ा साफ होने वाला है।

## खरगे ने कहा-महिला आरक्षण लागू होगा तब तक मोदी नहीं रहेंगे, ये बोले राहुल-गहलोत




राजस्थान विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी जयपुर पहुंच गए हैं। दोनों नेताओं ने कांग्रेस कार्यालय का शिलान्यास किया। राहुल गांधी कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे हैं।खरगे ने कहा कि महिला आरक्षण बिल का ये लोग जश्न मना रहे हैं। ये बिल राजीव गांधी जी लेकर आए थे। हमने इस बिल का समर्थन इसलिए किया ताकि ये लोग बाद में ये ना कह पाएं कि कांग्रेस पीछे हट गई। लेकिन, हमने सदन में महिला आरक्षण बिल पर अपनी बातें रखीं, कहा कि इसे जल्द लागू करो, ओबीसी के लिए आरक्षण दो। 10 साल में जब तक ये लागू होगा, तब तक मोदी नहीं रहेंगे। खरगे ने कहा कि मोदी जी ने सदन का विशेष सत्र पांच दिन के लिए बुलाया था, लेकिन चार दिन में खत्म कर दिया। इन्होंने ये सत्र काम के लिए नहीं सदन की नई बिल्डिंग दिखाने के लिए बुलाया था। वहां नेताओं, अभिनेताओं ने फोटो सेशन किए, मैं कहना चाहता हूं कि ये सदन फोटो खिंचाने के लिए नहीं है, ये जनता के काम करने के लिए है।खरगे ने कहा कि हम सिर्फ भाजपा के खिलाफ नहीं लड़ रहे। हम ईडी, सीबीआई और तमाम एजेंसियां लगा देते हैं। हमारी सभा होती है तो ईडी का छापा पड़ जाता है। और फिर भाजपा वाले कहते हैं कि हम सविधान से चल रहे हैं। खरगे ने कहा कि हम सबको मिलकर काम करना है और प्रदेश में सरकार को रिपीट कराना है। एक पल रुकने से दूर हो गई मंजिल, सिर्फ हम ही नहीं रास्ते भी चलते हैं, तुम रुक जाओ तो वहीं खड़े हो जाएंगे, अगर चलते रहे तो रास्ते भी चलते रहेंगे... इसलिए मैं कहता हूं कि छोटी मोदी बातें भूल जाओ और पार्टी की जीत के लिए मेहनत करो। खरगे ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता हमारे कान, आंख और हाथ हैं। ये कार्यकर्ता कांग्रेस को मजबूत करने वाले हैं और इनका सम्मान करना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं का फर्ज है कि वे सरकार की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाएं, जो लोग झूठ फैला रहे हैं, उनकी कोशिशों को नाकाम करें। ऐसा नहीं किया गया तो पार्टी का प्रचार नहीं होगा। ये नाराज होने का समय नहीं है, ये देश को बचाने का, सविधान को बचाने का समय है। हम मोदी और भाजपा के खिलाफ जो लड़ाई लड़ रहे हैं वो देश के 140 करोड़ लोगों को बचाने के लिए लड़ रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे बोले- पार्टी है तो हम सब हैं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि पार्टी है तो हम सब हैं, जब तक राजनीतिक ताकत है तब तक हम बचे रह सकते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का पहला अधिवेशन जयपुर में ही हुआ था। वो एक ऐतिहासिक अधिवेशन था, अब ऐसा कभी नहीं होगा। उस समय में राजस्थान के लोगों ने दिल खोलकर मदद और इसकी चर्चा देशभर में हुई। अधिवेशन को लेकर नेहरूजी ने भी कि इस पर इतना पैसा खर्च करने की जरूरत नहीं थी, लेकिन राजस्थान के लोगों ने कहा कि हम सब मिलकर कर रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि राजस्थान में हमारी सरकार ने झूठे वादे नहीं किए। 21 हजार कारोड़ से ज्यादा रुपये किसानों को दी गई है। मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना से प्रदेश के लाखों लोगों को फायदा हुआ है। इस दौरान राहुल ने कुलियों से हुई मुलाकात का जिक्र करते हुए कहा कि वे मुझसे कह रहे थे कि राजस्थान की सरकार ने हमारी जिंदगी बचा ली।राहुल गांधी ने कहा पीएम मोदी और भाजपा वाले अदाणी से डरते हैं। अगर, अदाणी के खिलाफ कोई बोलता है तो माइक बंद हो जाता है, कैमरे हिलने लगते है और अब तो टीवी भी बंद हो जाता है। राहुल गांधी ने कहा कि देश के लिए कास्ट सेंसस जरूरी है। इससे पता चलेगा कि देश में कितनी महिलाएं है, कितने ओबीसी हैं सब पता चल जाएगा। मैं पीएम मोदी से मांग करता हूं कि कास्ट सेंसस (जाति जनगणना) कराएं।राहुल गांधी बोले कि भाजपा वाले बाहना बना रहे हैं। अगर, ये चाहें तो 33 फीसदी सीटों पर आज ही महिला आरक्षण लागू हो सकता है। लेकिन, ये चाहते हैं

## संपादकीय Editorial

# Deteriorating relations between India and Canada is a matter of concern

Canadian Prime Minister Justin Trudeau has created controversy by accusing India of killing Khalistani terrorist Hardeep Singh Nijjar. After Pakistan, Canada is the second country to make such allegations. However, relations between India and Canada were not good even before. India-Canada relations had soured since the time of Justin Trudeau's father Pierre Trudeau, when Canada started promoting separatist organizations in India. Justin Trudeau has also followed in his father's footsteps by encouraging radical Khalistan supporters. India has expressed this concern to Canada many times, but this is the first time that the Canadian Prime Minister has openly accused India of the killing of Khalistani terrorist Nijjar. Perhaps the Prime Minister of Canada is nervous due to the success of G-20 and India's growing dominance in the world. Bilateral talks took place between Prime Minister Narendra Modi and Justin Trudeau in the G-20 summit. During this meeting, Prime Minister Narendra Modi expressed strong concern over the safety of Indian citizens and officials in Canada and the Khalistani activities flourishing there. This meeting was very tense. After this meeting, Canada had put a stop to the ongoing negotiations on a free trade agreement. Canada is India's 10th largest trading partner. India exports medicines to Canada and imports paper and agricultural products from Canada. On the other hand, about 15 lakh people of Indian origin live in Canada, out of which the majority are from Punjab. In such a situation, deteriorating relations are bound to have a direct or indirect impact on Indians living in Canada. Even if the Canadian Prime Minister had some political interest in blaming India for the murder of a Khalistan terrorist, diplomatically this step of Canada will be harmful for both the countries. Canada's opposition parties on India should strongly condemn these allegations made against India out of political interest. Spoiling relations with any country for vote politics is neither in the interest of the country nor in the interest of the world. Perhaps the Prime Minister of Canada is nervous due to the success of G-20 and India's growing dominance in the world. Bilateral talks took place between Prime Minister Narendra Modi and Justin Trudeau in the G-20 summit. During this meeting, Prime Minister Narendra Modi expressed strong concern over the safety of Indian citizens and officials in Canada and the Khalistani activities flourishing there. This meeting was very tense. After this meeting, Canada had put a stop to the ongoing negotiations on a free trade agreement. Canada is India's 10th largest trading partner. India exports medicines to Canada and imports paper and agricultural products from Canada. On the other hand, about 15 lakh people of Indian origin live in Canada, out of which the majority are from Punjab. In such a situation, deteriorating relations are bound to have a direct or indirect impact on Indians living in Canada. Even if the Canadian Prime Minister had some political interest in blaming India for the murder of a Khalistan terrorist, diplomatically this step of Canada will be harmful for both the countries. Canada's opposition parties on India should strongly condemn these allegations made against India out of political interest. Spoiling relations with any country for vote politics is neither in the interest of the country nor in the interest of the world. Canada's opposition parties on India should strongly condemn these allegations.

# Nari Shakti Vandan Act 2023: Women's Reservation Bill will become the basis for women's participation in power

More than 75 years have passed since India got independence. Women took active part in the freedom struggle. Both shot and ate. He also traveled a journey from being whipped by the British government to drinking cyanide. More than 75 years have passed since India got independence. Women participated enthusiastically in the freedom struggle. Both shot and ate. He also traveled a journey from being whipped by the British government to drinking cyanide. Women gave equal representation in the freedom struggle, from intelligence to diplomacy to fearless spies. With India's independence, women were given the right to vote. So much so that we are ready to leave America behind and jump to the level of equality, but we do not realize when women were left behind in the competition for equality, when they remained confined to the lower rung of equality. Just the right to vote cannot be patted on the back. Women constitute half the world's population. Women's participation in parliaments around the world is 24 percent, but ironically, the fight for most of their rights continues even today in India. Half of the population has the right to represent the other half, for which its long fight is yet to come. However, the Government of India has taken the initiative to ease that fight by bringing a bill on 33% reservation, which is a commendable step. Ray of hope awakened by the Women's Reservation Bill: With the passing of the Women's Reservation Bill in the Lok Sabha, a ray of hope has arisen that this law will soon come into force and will prove to be a milestone in strengthening the path of women empowerment. The glorious history of India proves that India was one of the fully developed urban civilizations on the world map at a time when other civilizations were struggling for development. The roads, industries and cities of the Indus Valley Civilization are still a subject of research for the scientists of the world. At that time our civilization was matriarchal and our culture was the best in the world. The Women's Reservation Bill has reached the Lok Sabha after going through a long struggle. If this is converted into law, it will be a victory for all women power. The Women's Reservation Bill became an issue of debate many times after 1996 and even after being passed by the Rajya Sabha in 2010, it could not be presented in the Lok Sabha. Due to which this bill remained stuck in limbo. Sarojini Naidu was the first to raise her voice - It is said that in 1931, Sarojini Naidu was the first to write a letter to the British PM on issues related to women's rights and talked about the political rights of women. According to him, nominating women to any post is a kind of insult. She wanted women not to be nominated but to be elected. This step taken by Sarojini Naidu 17 years before independence gave rise to the debate regarding women's reservation in the coming days. Currently, there are 78 women out of 543 seats in the Lok Sabha which is less than 15%. At the same time, there are 14% women members in Rajya Sabha which shows very low numbers. In state legislative assemblies this number is less than 10%. This percentage was less than 5% in the country's first Lok Sabha in 1952, when only 24 women MPs were included. It is not possible to solve the questions related to women unless women themselves are involved in solving those questions. What could be a better example than the Panchayats of the country, in which excellent examples of women empowerment can be seen. If statistics are to be believed, women's representation in global politics is 24% of MPs. The Women's Reservation Bill should be seen as a powerful instrument in solving the issues related to women. Which should be implemented as soon as possible so that positive energy can be spread in the path of women empowerment. There is also a need to pay attention to women's education - when the number of women is more in our Parliament, then women's issues can be debated vigorously. The amazing changes that have taken place among women at the Panchayat level show that when women participate actively at the national level, it will not only be easier to solve the issues related to them but crimes will also reduce. The nutritional level of women will increase in the society, it is necessary for women to participate in the policy making of the society. Although this is not the only solution to improve the status of women, apart from this the government will have to make stronger efforts. There is also a need to increase the economic participation of women to promote women empowerment in the society. There is a need to focus on their better health and education. There is a need to work at the grassroots level to empower women so that the Women's Reservation Bill can be made a complete success.

# Khalistan in canada

The very serious allegations made by Canadian Prime Minister Trudeau on India by supporting pro-Khalistan militants have not only led to diplomatic confrontation but have also put Indian students and NRIs in danger. Canada has ordered one of our senior diplomats to leave the country, while our Foreign Ministry has also 'deported' the Canadian diplomat. These are not pleasant conditions for democratic and allied countries. The Government of India has had to issue an advisory of vigilance to its citizens. Canada has been a second home for Indians, especially Punjabis, but has now also become a confirmed haven for Khalistanis. Canada is a member country of NATO and the European Union, and is also included in the G-20 group along with India. The Prime Ministers of the two countries held bilateral talks during the summit, during which Prime Minister Modi raised the issue of attacks by Khalistani militants on Indian embassies and temples. The Canadian Prime Minister was warned that India would not tolerate these actions. Despite this, Prime Minister Trudeau made serious allegations in his Parliament that Canadian citizen Hardeep Singh Nijjar was murdered by Indian agencies. He also had to say that Canada does not want to provoke India, but it should think seriously about it. If Prime Minister Trudeau's thinking was not pro-Khalistan, then on the basis of what evidence did he make this allegation? Why did they 'deport' the Indian diplomat? Why are pro-Khalistan militants openly active in their country? Has Canada itself become Khalistan? Why are Indian Hindu students and NRIs being threatened to leave Canada? Will Khalistani Gurpatwant Pannu now decide who will settle in Canada and who should leave the country? Trudeau, explain why this is so? Does the Canadian Prime Minister have no accountability and responsibility towards 2.30 lakh students and about 7 lakh NRIs? If there was even an iota of truth in Prime Minister Trudeau's allegations, European countries including America would have supported his allegations and put pressure on India. Although western countries start harassing India only on minor issues, they have been favorable towards India in view of trade, market and strategic partnership. However, senior Canadian journalists and people of Indian origin are continuously insisting that Prime Minister Trudeau should talk on the basis of evidence. Some countries including America have also started vocally demanding investigation based on facts. If Trudeau is such an ideological, social and political sympathizer of Khalistan, then 'Khalistan' can be established in Canada itself. There are vast areas in Canada where Khalistan can be established. Canada has a large population of Sikhs, Hindus and mixed Indians. Indians are the basis of Canada's economy. Canada trades with India worth thousands of crores of rupees, but Trudeau should keep in mind that advocacy of Khalistan can prove to be 'suicidal', because this extremism and separatism is, ultimately, terrorism and the Canadian Prime Minister has written on the manifestos of global organizations. Have also signed, in which the issue of terrorism has also been included. The question is also whether Prime Minister Trudeau has to advocate for Khalistanis to save his 'minority power'? In fact, he has the support of 24 MPs from the pro-Khalistan political party, on the basis of which his government forms the majority and he remains the Prime Minister of Canada. It is also noteworthy that India never interfered in the sovereignty of any country nor made the first attack. If India takes strict action against traitors, enemies and terrorists or even kills them, then what is wrong in such action? Didn't America, China, Russia and Israel kill their country's enemies outside their borders? China has killed its critics in Canada itself, then why did Trudeau remain silent? Keep in mind that India will never tolerate violent acts against it in any country.

# Rotation of ragging

This calamity also hit the field of education and the vision of the future got lost in its eyes. Those who should study to strengthen the foundation of themselves and the country, are inviting darkness in the light of the institution. The way the list of educational institutions getting infamous in the rotation of ragging is getting longer, the standard of education and the journey of study is getting hampered. After IIT Mandi and Ner Chowk Medical College, documents of ragging are rotting in the garden of Tanda Medical College. Once again the wounds of the Kachru ragging case were scratched in the TMC premises. Fourteen years ago, within the infamous Aman Kachru case, eight senior trainees not only treated future doctors inhumanely, but also ruined their profession. In fact, the matter is also related to assignments, where senior students put pressure on their juniors to complete their work to such an extent that ragging became a weapon for refusal. Just as the news of IIT and Ner Chowk MC got hushed up amidst some administrative cover-up, similarly the accused students of TMC will also be acquitted of this act, but such actions are proving that there is no scope for higher education or professional courses in Himachal. How weak and wandering the tradition of study has become. This wandering will tomorrow affect the working style of the hospitals entrusted to such doctors. This habit of loitering is enough to disgrace the entire department in a shameful manner. If today it is a matter of TMC, then tomorrow it will move from this trend to rude and neglectful treatment of the sick and their attendants. One after the other, ragging cases have put a question mark on the professional thinking of the students. The list of questions is visible in the frame of these colleges and is also pointing towards the management of the institutions. Although IIT Mandi is at the top among all the institutes of Himachal in terms of its reputation and ragging, but the issue of ragging has given it a big reason for infamy. On the other hand, clouds of instability and an unwanted group of tomorrow's doctors are seen forming in the environment of two medical colleges of Himachal.

# झाड़ू लेकर जिले की सड़कों पर उतरी विकास भवन के अधिकारियों की फौज



मुरादाबाद- राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती के उपलक्ष्य में दो अक्टूबर तक 643 गांवों में स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जाएगा। शनिवार को शहर की सड़कों पर अधिकारियों की टीम सफाई करती नजर आई। विकास भवन के बाहर जिला मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव के साथ अन्य अधिकारियों की टीम झाड़ू लेकर सफाई करती मिली। यह देख लोगों की भीड़ जमा होनी शुरू हो गई। सफाई अभियान के अंतर्गत विकास भवन से लेकर अधिकारियों ने विवेकानंद अस्पताल के चौराहे तक सफाई की। इस दौरान जिले के सभी गांवों में ग्रामीणों और सरकारी विभागों के सहयोग से सफाई की मुहिम चलाई जाएगी। इसके लिए डीपीआरओ कार्यालय से कार्यक्रम जारी किया गया है। स्वच्छता अभियान पखवाड़ा को लेकर शनिवार को विकास भवन के अधिकारी सड़कों पर हाथों में झाड़ू लेकर उतरे और सड़कों की सफाई की। विकास भवन के बाहर से शुरू हुए सफाई अभियान की शुरुआत मुख्य विकास अधिकारी सुमित कुमार यादव ने की। अधिकारियों के हाथों में झाड़ू देखकर राह चलने वाले लोग हतपर्भ रह गए और रुक कर नजारे को देखने लगे। डीपीआरओ अभय कुमार यादव ने बताया कि अभियान के अंतर्गत साफ-सफाई तथा सफाई मित्रों के कल्याण व समृद्धि से संबंधित कार्य किए जाएंगे। श्रमदान भी कराया जाएगा। इस स्वच्छता अभियान में ऐसे सार्वजनिक स्थानों पर जहां लोगों का आवागमन ज्यादा होता है, वहां साफ सफाई की गतिविधियां चलाई जाएगी। अभियान के दौरान कूड़ेदान, सार्वजनिक शौचालय, परिवहन के साधन जैसी संपत्तियों पर पेंटिंग और साफ सफाई का कार्य किया जाएगा। नदियों के तटों के किनारे स्थित शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में साफ सफाई करने और कचरा तथा प्लास्टिक को हटाने की अभियान में सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि स्कूलों में स्वच्छता अभियान तथा जागरूकता गतिविधियां संचालित की जाएगी और बच्चों को इस बारे में जागरूक किया जाएगा। इस दौरान परियोजना निदेशक डीआरडीए सतीश चंद्र मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रीति सिंह, जिला विकास अधिकारी गोविंद पाठक, कोऑपरेटिव जितेंद्र पाल सिंह, जिला प्रोफेशन अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी, एडीपीआरओ विवेकानंद,स्वच्छ भारत मिशन के जिला कोऑर्डिनेटर सुधीर कुमार, वरिष्ठ लिपिक मेहंदी हसन, डीपीएम कनकपाल यादव, अमित कुमार, जयप्रकाश आदि मौजूद रहे।

# किशोरी ने पुल से रामगंगा नदी में लगाई छलांग, गोताखोरों ने नदी में तलाशा...नहीं मिली कोई जानकारी



मुरादाबाद- थाना क्षेत्र के ग्राम अहमदनगर जैतवारा स्थित रामगंगा नदी के पुल से शनिवार सुबह एक किशोरी ने नदी में छलांग लगा दी। यह देख वहां मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पर किशोरी के परिजन और ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंचे। गांव के गोताखोरों ने नदी में किशोरी को तलाश किया, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। ग्राम हिम्मतपुर अहमदनगर जैतवारा निवासी 13 वर्षीय किशोरी गांव के स्कूल में कक्षा तीन की छात्रा थी। शनिवार को किसी बात को लेकर मां से उसकी कुछ कहासुनी हो गई थी। इसके बाद वह गांव के मदरसे में पढ़ने को कहकर घर से निकली थी। लेकिन मदरसे में न जाकर वह रामगंगा नदी के पुल पर पहुंच गई। वहां से गुजरने वाली महिलाओं ने जब उससे पूछा कि वह यहां पर क्या कर रही है। उसने कहा कि मेरी मां आ रही है। यह कहकर वह पुल पर घूमने लगी और कुछ समय बाद उसने दुपट्टा और चप्पल एक जगह रखकर पुल से नदी में छलांग लगा दी। यह देख वहां पर मौजूद लोगों में चीखपुकार मच गई और सभी लोग पुल की तरफ दौड़े। गांव के गोताखोरों ने नदी में किशोरी को तलाशा। लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका। इसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई।पुलिस ने भी मौके पर पहुंचकर गोताखोरों की मदद से किशोरी की तलाश करवाई। लेकिन कोई भी सुराग नहीं मिल सका। पता चला है कि किशोरी गांव के ही स्कूल में पढ़ती थी और काफी समय से उसकी स्कूल की फीस नहीं जमा हो पाई थी। जिसको लेकर वह अपनी मां से पैसे मांग रही थी। लेकिन आर्थिक तंगी के चलते पैसों का इंतजाम नहीं हो पाया और इसी को लेकर कहासुनी हो गई थी। स्कूल प्रबंधन का कहना है कि वह एक सितंबर से स्कूल नहीं आ रही थी। थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार ने बताया कि एनडीआरएफ की टीम ने भी छात्र को तलाश किया लेकिन शनिवार शाम होने तक कुछ पता नहीं चल सका।

# गश्त के दौरान पुलिस ने रईस को तमंचा संग किया गिरफ्तार

मुरादाबाद- कटघर थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात काशीपुर तिराहा चौकी पुलिस ने तमंचे के साथ आरोपी को दबोचा है। दरोगा ओम शुक्ल ने बताया कि वह कांस्टेबल ऋतिक कुमार व कुलदीप कुमार के साथ रात में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान रास्ते में उन्हें ताजपुर माफी पुराना काशीपुर रोड के पास रेलवे स्टेशन के समीप एक व्यक्ति खड़ा दिखा। पुलिस को देखकर वह भागने लगा। जिस पर उसे संदिग्ध मानकर दौड़ा कर पकड़ लिया। पूछताछ में उस व्यक्ति ने अपना नाम रईस पुत्र पीरबक्श निवासी ताजपुर माफी बताया। इसके पास से पुलिस ने तमंचा-कारतूस भी बरामद किया। दरोगा ने बताया कि रईस पूछताछ में सवालों के जवाब देने से कतरा रहा था। चोरी करने की फिराक में था। दरोगा ने बताया कि पकड़ा गया रईस का आपराधिक इतिहास देखा गया तो पता चला कि वह पूर्व में भी दो-तीन घटनाओं को अंजाम दे चुका है। वह मुगलपुरा कटघर से जेल भी जा चुका है।

# मीडिऐशन सेन्टर में काउसंलिग कर पति पत्नी का साथ रहने पर किया राजी



क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा- राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देश के अनुपालन एवं जनपद न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में स्थापित मध्यस्थता केन्द्र में कमालुद्दीन अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं मध्यस्थ श्रीमती डौली राघव द्वारा आज शुक्रवार को अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कक्ष संख्या-23 से प्राप्त पत्रावली वाद संख्या-16256/2023 श्रीमती वसीमा वनाम जफर आदि अन्तर्गतधारा 498ए,323, 504, 506भ0द0स0 व ङ डी0पी0 एक्ट थाना जसरथपुर में दोनो पक्षों को एक साथ बैठाकर मीडिएशन कराया गया, जिसके परिणाम स्वरूप दोनों पति पत्नी के द्वारा एक साथ रहने की सहमति व्यक्त की और आजीवन साथ रहने का समझौता कर दोनों पक्षों के परिवारियों को एक साथ ससम्मान से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से विदा किया गया।

# विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया वन स्टाप सेन्टर एवं शेल्टर होम का औचक निरीक्षण




क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा- राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण से प्राप्त एक्शन प्लान के अन्तर्गत तथा अनुपम कुमार अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व जनपद न्यायाधीश के निर्देशानुसार आज शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में कमालुद्दीन अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा वन स्टाप सेन्टर एवं शेल्टर होम का निरीक्षण किया गया।

इस निरीक्षण में सचिव द्वारा वन स्टाप सेन्टर एवं शेल्टर होम में उपस्थित समस्त कर्मचारियों के बारे में पूँछा एवं उनकी उपस्थिति-पंजिका का निरीक्षण किया। वर्तमान में वन स्टाप सेन्टर में 02 महिलाएँ हैं। इसके अतिरिक्त सचिव द्वारा शेल्टर होम का भी निरीक्षण किया गया। शेल्टर होम में रुकने वाली महिलाओं का भी निरीक्षण किया गया। इसके अतिरिक्त भोजनालय कक्ष का भी निरीक्षण किया गया, जिसमें रुकने वाले महिला एवं पुरुषों के भोजन की पर्याप्त भोजन सामग्री पायी गयी। शेल्टर होम की अधीक्षिका द्वारा बताया गया कि इसकी निगरानी नगर पालिका परिषद द्वारा की जाती है। इस निरीक्षण में सचिव ने सभी को निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी महिला किस समय आई व किस समय गई इसका पूर्ण विवरण आगन्तुक पुस्तिका में दर्ज करें एवं समय -समय पर इसकी आख्या कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को अवगत करायें। इस निरीक्षण के आयोजन पर वन स्टाप प्रबन्धक जागृति चतुर्वेदी, गरिमा अर्चना चौहान, वंदना, सुषमा सिकरवार एवं समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# ई- पास मशीन पर बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण कर लाभार्थी को उपलब्ध कराऐं राशन



क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा- जिला पूर्ति अधिकारी कमलेश कुमार गुप्ता ने सर्व साधारण को सूचित किया है कि आयुक्त, खाद्य एवं रसद विभाग, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ के द्वारा अवगत कराया गया है कि यह संज्ञानित हुआ है कि जनपद में कतिपय विक्रेताओं द्वारा खाद्यान्न वितरण अवधि में ई-पॉस मशीन से बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण कराते हुए तत्समय ही लाभार्थियों का साधान्न उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है, जो कि नियमानुसार उचित नहीं है। उन्होंने समस्त उचित दरविक्रेताओ को निर्देशित किया है कि राशनकार्ड धारक व लाभार्थी का ई-पॉस मशीन पर बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण कराते हुए तत्समय ही खाद्यान्न का वितरण किया जाए। यदि बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण / अंगूठा लगवाने के पश्चात् तुरत खाद्यान्न वितरित नहीं किया जाता है, तो ऐसे विक्रेताओं के विरुद्ध कठोर कार्यवाही अमल में लायी जाएगी। उन्होंने समस्त राशनकार्ड धारकों / आम जनमानस को सूचित किया है कि वितरण तिथि के दौरान ई-पॉस मशीन पर बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण के पश्चात् तत्समय ही राशन डीलर से अनुमन्य खाद्यान्न प्राप्त करें। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अन्तर्गत राशन वितरण से सम्बन्धित किसी भी समस्या या जानकारी के लिए विकास खण्ड अलीगंज पूर्ति निरीक्षक मो0 नम्बर 8218454903 विकास खण्ड जैथरा पूर्ति निरीक्षक मो0 नम्बर 7310891692, विकास खण्ड जलेसर पूर्ति निरीक्षक मो0 नम्बर 8709430838, विकास खण्ड अवागढ़ पूर्ति निरीक्षक मो0 नम्बर 9412709678 विकास खण्ड मारहरा व नगर क्षेत्र एटा पूर्ति निरीक्षक मो0 नम्बर 8808680198 विकास खण्ड सकीट, शीतलपुर, निचोलीकला हेतु क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी मो0 नम्बर 7251910000 पर सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# आम जनमानस को लोकल फोर बोकल की तर्ज पर मिलेट्स से बने हुए खाद्य पदार्थो को उपयोग में लाने हेतु प्रोत्साहित किया जाये-जिलाधिकारी




क्यूँ न लिखूँ सच
सत्यम शर्मा

बरेली- दूध की गुणवत्ता की जांच हेतु बढ़ाये जाए निरीक्षण, हानिकारक मिलावट पाए जाने पर की जाए दण्डात्मक कार्यवाही- जिलाधिकारी सभी संबंधित विभागों को उनके क्षेत्रान्तर्गत आने वाले खाद्य पदार्थ संबंधी इकाईयों का लाईसेंस/पंजीकरण कराने के दिये निर्देश-जिलाधिकारी जिलाधिकारी श्री शिवाकान्त द्विवेदी की अध्यक्षता में आज खाद्य सुरक्षा विभाग की जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में समिति के उपस्थित सदस्यों से उनके द्वारा अपेक्षित सहयोग प्राप्त करने हेतु संवाद स्थापित किया गया तथा खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के खाद्य अनुभाग के ईट राइट चैलेंज एवं प्रवर्तन सम्बन्धी कार्यवाही से भी अवगत कराया गया। औषधि अनुभाग द्वारा प्रवर्तन कार्यवाही एवं अस्पतालों में औषधियों एवं रक्त की आपूर्ति कराये जाने सम्बन्धी जानकारी बैठक में सभी को उपलब्ध करायी गयी। आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ तथा आवश्यक औषधियों की उपलब्धता सुनिश्चित कराये जाने हेतु बल दिया गया है। सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय ने समस्त खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को जिलाधिकारी द्वारा दिये गये दिशा निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किये जाने के लिये निर्देशित किया। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में संघन निरीक्षण करना सुनिश्चित करें जिससे कि आम जनमानस को सुरक्षित एवं शुद्ध गुणवत्तापरक खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध किया जाना सुनिश्चित हो सकें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि दूध की गुणवत्ता की जांच हेतु निरीक्षण बढ़ाये जाए , हानिकारक मिलावट पाए जाने प दण्डात्मक कार्यवाही कि जाए । बैठक में अपर जिलाधिकारी( नगर ) श्री सौरभ दुबे, जिला पूर्ति अधिकारी श्री नीरज सिंह, सहायक द्वितीय, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, औषधि निरीक्षक सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# करीब 40 लाख रूपये कीमत के शराब बनाने के केमिकल, अवैध पटाखे व अवैध शराब का विनिष्टीकरण




क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा-शराब माफियाओं के कारनामों पर बड़ी कार्यवाही, थाना सकीट पुलिस ने कराया करीब 40 लाख रूपये कीमत के शराब बनाने के केमिकल, अवैध पटाखे व अवैध शराब का विनिष्टीकरण। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री राजेश कुमार सिंह के निर्देशन में माल निस्तारण हेतु चलाये जा रहे

अभियान के तहत आज दिनांक 22.09.2023 को नायब तहसीलदार श्री सारस्वत अग्रवाल व क्षेत्राधिकारी अलीगंज श्री सुधांशु शेखर व ऐ0पी0ओ0 श्री अजय कुमार गुप्ता व थानाध्यक्ष श्री कृष्णकान्त लोधी की उपस्थिति में थाना सकीट पुलिस द्वारा 03 अभियोगो से संबंधित कुल 163 कैन शराब बनाने का अवैध केमीकल, 125 कट्टा नकली चावल, 60 पेटी अवैध शराब व 27 पैटी अवैध पटाखो का माननीय न्यायालय से आदेश प्राप्तकर जेसीबी से गड्डा खुदवाकर विनिष्टीकरण करवाया गया। जिसकी फोटोग्राफी भी करवायी गयी। विनिष्टीकृत मान की अनुमानित कीमत लगभग 42 लाख रुपये है।

# धूमधाम से मनाई गई राधा अष्टमी, हुआ विशाल भण्डारा



क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा। नगर के ठाकुरद्वारा मंदिर में शनिवार को राधाष्टमी बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। महन्त गुड्डू पाण्डेय, रामकृपाल पाण्डेय ने विशेष पूजा-अर्चना की भजन - कीर्तन के साथ ही छप्पन भोग लगाया गया। विशाल भण्डारा किया गया। जिसमें हजारों भक्तों ने भण्डारे का प्रसाद ग्रहण किया।इस पुनीत कार्य में पोशाकी लाल गंगवार, प्रमोद यादव,रवि कश्यप,सभासद कमलेश गंगवार, जगदीश गंगवार, मोती राम गंगवार आदि का विशेष सहयोग रहा।

**क्यूँ न लिखूँ सच**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन कर जेल निरीक्षण किया

क्यूँ न लिखूँ सच
शैलेन्द्र राठौर




झाबुआ- प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झाबुआ विधि सक्सेना के निर्देशानुसार मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गौतम सिंह मरकाम की अध्यक्षता एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी सागर अग्रवाल की उपस्थिति में जिला जेल झाबुआ में पुरूष एवं महिला बंदियों के लिए विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन कर जेल निरीक्षण किया गया। शिविर में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गौतम सिंह मरकाम ने अपने संबोधन में बंदियों से कहा कि जेल में बंदी अक्सर कानूनी मामलों से अवगत नहीं होते हैं। इससे उन्हें अपने अधिकारों और दायित्वों के बारे में सही जानकारी नहीं मिल पाती है। इससे उन्हें न्याय पाने में भी मुश्किल होती है। इसलिए यह जरूरी है कि जेल में बंदियों को विधिक साक्षरता प्रदान की जाए। इससे उन्हें अपने अधिकारों और दायित्वों के बारे में जानकारी मिलेगी। इससे उन्हें न्याय पाने में मदद मिलेगी। जेल का उद्देश्य अपराधियों को सुधारना और उन्हें समाज में पुनस्थापित करना है। शिविर में श्री मरकाम ने बंदियों को जीवन का अधिकार, स्वतंत्रता का अधिकार, न्याय पाने का अधिकार, शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार, स्वास्थ्य सेवा प्राप्त करने का अधिकार, काम करने का अधिकार आदि विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। शिविर में बंदियों की समस्याऐं भी सुनी गई। निरीक्षण में जेल के अंदर सब कुछ सामान्य मिला। किसी कैदी ने किसी प्रकार की शिकायत नहीं की। इस मौके पर श्री मरकाम ने कैदियों को नि:शुल्क विधिक सहायता, प्ली बारगेनिंग के साथ ही कैदियों को अधिकारों और दायित्वों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान महिला बैरक तथा पुरूष बैरक का भ्रमण किया गया। महिला बंदियों द्वारा बताया गया कि समय से नाश्ता एवं भोजन उपलब्ध कराया जाता है किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी सागर अग्रवाल एवं अधिवक्ता विश्वास शाह तथा शिवम वर्मा द्वारा लीगल एड डिफरेन्स काउंसिल सिस्टम के संबंध में जानकारी प्रदान की। जेल अधीक्षक दुष्यंत पगारे द्वारा बताया गया कि जिला करागार में कुल 298 बंदी है, जिनमें पुरूष 284 बंदी एवं महिला 14 बंदी है।

# म0प्र0 शासन स्कूल शिक्षा विभाग के अधीन म0प्र0योग आयोग गठित किया ,आयोग का ध्येय वाक्य- घर घर योग, जनजन योग

क्यूँ न लिखूँ सच
शैलेन्द्र राठौर

झाबुआ- झाबुआ लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल से प्राप्त निर्देशानुसार जिले में योग शिक्षा के व्यापकता के तहत जिला शिक्षा अधिकारी झाबुआ की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। शासन द्वारा योग अध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा आई पी. एस. केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त को बनाया गया ।आयोग का उद्देश्य प्रदेश में योग के प्रति जागरूकता, प्रचार-प्रसार तथा योग शिक्षा को बढावा देना है। आयोग द्वारा जिला एवं ब्लाक स्तर की समिति बनाई जाना है । जिनका नियमानुसार पंजीयन भोपाल से होगा। आयोग का ध्येय वाक्य होगा- घर घर योग- जनजन योग आयोग द्वारा झाबुआ जिले हेतु जिला समिति गठित कर अध्यक्ष पुरषोत्तम ताम्रकर, उपाध्यक्ष सुभाष दुबे, कोषध्यक्ष देवेन्द्र सोनी तथा कार्यकारिनी सदस्य के रूप में अरविन्द व्यास, खुजेमा भाई बोहरा, श्याम संन्दर शर्मा, डॉ. सुन्दर हाडा, नीरज भट्ट, श्रीमती प्रफुल्ल शर्मा, डॉ. मुक्ता त्रिवेदी, वीना चौहान को शामिल किया गया समिति के पदेन सचिव जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला योग प्रभारी पदेन उप सचिव (शासकीय) होगे। जिला समिति की प्रथम बैठक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में आयोजित की गई जिसमें आयोग के निर्देशानुसार विकास खण्ड समिति शीघ्र गठित किये जाने का निर्णय लिया गया।

विकास खण्ड समिति में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष एवं सदस्य ( अशासकीय होकर ) विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी पदेन सचिव तथा विकास खण्ड योग प्रभारी पदेन उप सचिव (शासकीय) होगे। विकास खण्ड समिति जन जन तक योग पहुचाने हेतु ग्राम स्तर की समिति शीघ्र गठित कर कार्यालय को सूचित करेगें। जिससे सभी स्तरों पर योग कक्षाए प्रारम्भ की जा सके।

# दिल्ली - बाम्बे 8- लेन एक्सप्रेस हाईवे पर हुए अंधे कत्ल का खुलासा

क्यूँ न लिखूँ सच -शैलेन्द्र राठौर

झाबुआ- थाना थांदला क्षैत्र अन्तर्गत दिल्ली - बाम्बे 8- लेन एक्सप्रेस हाईवे ग्राम नौगांवा नगला स्थित खवासी नदी में एक अज्ञात मृतिका महिला की क्षत-विक्षत लाश मिली थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी थांदला द्वारा तुरंत वरिष्ठ अधिकारीगण को सूचित किया गया । पुलिस अधीक्षक झाबुआ अगम जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रेमलाल कुर्वे, अनुविभागीय अधिकारी ( पुलिस ) अनुभाग थांदला, रविन्द्र राठी मौके पर पहूँचे।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा अनुविभागीय अधिकारी ( पुलिस ) अनुभाग थांदला रविन्द्र राठी के नेतृत्व में टीमों का गठन किया एवं समय- समय पर मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देश मे टीम द्वारा नीमच, मंदसौर में निवासरत् परंपरागत व्यापार करने वाले डेरो पर जाकर मृतिका की फोटो एवं पहचान चिन्ह दिखाये गये । परिणाम स्वरूप मृतिका की पहचान ललिता पिता रमेश बाछडा उम्र 35 वर्ष निवासी नावली, तहसील भानपुरा, जिला मंदसौर का होना पाया गया। जिसकी पुष्टि मृतिका के माता- पिता एवं भाई बहनों द्वारा की गई, क्त सराहनीय कार्य पुलिस अधीक्षक झाबुआ अगम जैन के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक झाबुआ प्रेमलाल कुर्वे तथा अनुविभागीय अधिकारी ( पुलिस ) थांदला रविन्द्र राठी के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी थांदला निरीक्षक राजकुमार कुंसारिया के नेतृत्व में चौकी प्रभारी खवासा उनि रज्जनसिंह गणावा, उनि हिरालाल मालीवाड ,कार्यवाहक सउनि अशरफ खान, कार्यवाहक प्रधान आरक्षक 260 रूपेश गिरवाल, कार्यवाहक प्रधान आरक्षक 205 राजेन्द्र चौहान, कार्यवाहक प्रधान आरक्षक 01 राजेन्द्र रावत, आरक्षक 618 अनिल परमार, आरक्षक 442 राहुल जमरा, आरक्षक 619 अक्षय भगौरा, आरक्षक 124 भगवती पाटीदार तथा सायबर टीम निरीक्षक दिनेश शर्मा एवं उप निरीक्षक जितेन्द्र चौहान, आरक्षक संदीप, आरक्षक राकेश, आरक्षक महेश, आरक्षक सूरेश की मुख्य भूमिका रही

# राजश्री कालेज में नेशनल फार्माकोविजिलेंस सप्ताह पर हुआ जन जागरण कार्यक्रम

क्यूँ न लिखूँ सच




रिठौरा।राजश्री फार्मेसी कॉलेज में चल रहे सात दिवसीय नेशनल फार्माकोविजिलेंस सप्ताह के अंतर्गत क्षेत्र में जन- जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इसके अंतर्गत डी फार्मा में अध्यनरत छात्र-छात्राओं ने ओटीसी दवाइयों का वितरण किया । मरीजों को औषधि वितरण प्रणाली एवं इससे संबंधित संभावित दुष्प्रभाव पर चर्चा की। जन- जागरण रैली का उद्घाटन संस्थान के चेयरमैन राजेंद्र कुमार अग्रवाल ने किया। उन्होंने बताया कि आधुनिक चिकित्सा पद्धति में प्रयुक्त औषधि और आम जनमानस को उनसे होने वाले उसके दुष्प्रभावों से सतर्क रहना बेहद आवश्यक है। पोस्टर प्रेजेंटेसन के तहत मानव शरीर के विभिन्न तंत्रों पर औषधियों के दुष्प्रभावों को चिंहित कर इससे सतर्क रहने का संदेश दिया। जिसमें मनीषा के पोस्टर को प्रथम, सना को द्वितीय व उस्मान अली को तृतीय स्थान मिला। पहले दिन लभेड़ा, दूसरे दिन हरहर मटकली, हाफिजगंज तीसरे दिन मोहनपुर, खाईखेड़ा चौथे दिन खंजनपुर गांवों में मरीजों एवं आम जन मानस के मध्य औषधियों दुष्प्रभावों पर परिचर्चा एवं परामर्श सेवायें प्रदान की। कार्यक्रम सफल बनाने में प्राचार्या डॉ? सुचेता सिंह, बैशाली भारद्वाज, संजू शर्मा, भूपेन्द्र, रविन्द्र, राहुल रॉय सहित समस्त स्टॉफ का सहयोग रहा।

# पुलिस अधीक्षक झाबुआ बनकर आरोपी का प्रकरण में नाम बाहर निकालने के लिये 13 लाख रुपये की ठगी

क्यूँ न लिखूँ सच
शैलेन्द्र राठौर



झाबुआ- थाना कोतवाली झाबुआ पर सूचनाकर्ता आशिक़ पिता बैतुल्लख़ान उम्र 30 वर्ष निवासी भाभरा ज़िलाअलीराजपुर ने थाना आकर एक आवेदन पेश किया की उसके साले शोएब जो की थाना पेटलावद ज़िला झाबुआ में कॉपर वायर ख़रीदने में आरोपी है को प्रकरण में से बाहर करने के लिये एडविन ऑल्डसन निवासी झाबुआ ने उसके अन्य साथी के साथ मिलकर फ़ोन पर पुलिस अधीक्षक झाबुआ बनकर मुझे से बात की एवम् शोएब को निकालने के लिए 13 लाख रुपये ठग लिये सूचना पर एडविन ऑल्डसन निवासी झाबुआ एवम् एक अज्ञात आरोपी के विरुद्ध थाना कोतवाली पर अपराध क्रमांक 1174/2022 धारा 420,419,170,120ड्ढ भादवि का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिये गया घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक झाबुआ अगम जैन, अति. पुलिस अधीक्षक प्रेमलाल कुर्वे, एसडीओपी झाबुआ रूप रेखा यादव के नेतृत्व में एक टीम गठीत की गई ।

गठित टीम द्वारा आरोपी एडविन को गिरफ़्तार किया गया जिससे पूछताछ की जा रही है पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने बताया कि ये बहुत गंभीर घटना है सभी पहलुओं पर जाँच की जा रही है । गिरफ़्तार आरोपी एडविन पिता ओटी एल्डसन उम्र 48 वर्ष निवासी माधोपुरा झाबुआ उक्त सराहनीय कार्य पुलिस अधीक्षक आगम जैन के निर्देशन मैं एसडीओपी झाबुआ रूप रेखा यादव ,थाना कोतवाली के थाना प्रभारी निरीक्षक तूर सिंह डावर , स्ढ्ढ श्याम कुमावत, स्ढ्ढ ब्रजेंद्र छाबरिया,,स्ढ्ढ जगदीश नायक ,स्ढ्ढ अमित बघेल ,प्र आर जितेंद्र सांखला, आर महेश साइबर सेल की रही

# पीड़ित महिला ने माननीय मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र भेजकर लगाई न्याय की गुहार

क्यूँ न लिखूँ सच -रामदीन रावत

बाराबंकी जिले के थाना रामसनेहीघाट में उसे समय हैरान कर देने वाली बात आई जब रामसनेहीघाट पुलिस पीड़ित महिला की दुष्कर्म की तहरीर को मारपीट में तब्दील कर दिया आखिर रक्षक ही भक्षक क्यों बन गया बताते चले पीड़ित महिला किरन रावत पत्नी लवकुश रावत निवासी ग्राम तुरकानी पीड़ित महिला का आरोप है कि मैं थाने रामसनेहीघाट गई और वहां पर मैंने उमेश पुत्र गुरु चरण के खिलाफ लगभग मुझे शादी का झांसा देखकर 3 महीना यौन संबंध बनाया लिखित तहरीर मैंन थाना रामसनेहीघाट अध्यक्ष महोदय को दिया लेकिन अध्यक्ष महोदय ने मेरे प्रार्थना पत्र को मारपीट में तब्दील कर दिया और विपक्षी उमेश पुत्र गुरु चरण निवासी ग्राम सिसौना पर मामूली धाराएं 323 504 506 में तब्दील कर दिया जहां सुबह के माननीय मुख्यमंत्री द्वारा महिलाओं के सुरक्षा के लिए बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं वहीं पर उनके दावों की धज्जियां उड़ाने में रामसनेहीघाट पुलिस बाज नहीं आ रही पीड़ित महिला ने बताया है कि मैंने इसकी शिकायत माननीय मुख्यमंत्री से लेकर राज महिला आयोग लखनऊ से लेकर पुलिस महानिदेशक महोदय लखनऊ व पुलिस अधीक्षक बाराबंकी से की है लेकिन मुझे अभी न्याय नहीं मिला है यदि मुझे न्याय नहीं मिलेगा तो मैं माननीय मुख्यमंत्री कार्यालय जनता दर्शन जाऊंगी और थाना रामसनेहीघाट पुलिस के इस रवैया की शिकायत सुबे के मुख्यमंत्री से करूंगी और जब तक मुझे न्याय नहीं मिलेगा मैं माननीय मुख्यमंत्री कार्यालय से वापस घर नहीं आएंगे

# दो दिवसीय सैस्टोवॉल चैंपियनशिप का हुआ शुभारंभ

क्यूँ न लिखूँ सच




